तैयारियों में जुटा विभागीय परीक्षा मंडल

बोर्ड : परीक्षार्थी बढ़े, केंद्रों की संख्या भी

1,60,298 छात्र 12वीं में पंजीकृत
1,53,739 छात्र 10वीं में
514 केंद्र 12वीं के लिए
683 केंद्र 10वीं के लिए

नागपुर, महानगर संवाददाता. बोर्ड की परीक्षा नजदीक आते ही विद्यार्थी तैयारी में जुट गये हैं. इसके साथ ही विभागीय परीक्षा मंडल की तैयारियां पर जोरों पर चल रही हैं. बैठकों में मुख्याध्यापकों सहित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश गये हैं. इस बार नकल मुक्त परीक्षा के लिए बोर्ड ने कमर कस ली है. सभी केंद्रों में सीसीटीवी अनिवार्य किये गये हैं. इसके साथ ही पर्यवेक्षकों की अदला-बदली भी जा रही है. इस बार 10वीं व 12वीं में छात्रों की संख्या गत वर्ष की तुलना में बढ़ी है. इस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है.

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस बार 12वीं कक्षा की परीक्षा 10 फरवरी तथा 10वीं की परीक्षा 20 फरवरी से ली जाएगी. इससे पहले 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा ली जा रही है. गत वर्ष की तरह ही इस बार भी करीब सप्ताहभर पहले परीक्षा ली जा रही है. छात्र तैयारियों में जुट गये हैं. अब परीक्षा के लिए ज्यादा दिन नहीं रह गये हैं. यही वजह है कि रात-दिन मेहनत कर रहे हैं. बोर्ड ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं. परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री भेजी जा रही है. इस बार 12वीं की परीक्षा में 1,60,298 छात्रों ने पंजीयन कराया है. गत वर्ष यह संख्या 1,58,228 थी. यानी इस बार 2,070 छात्रों की संख्या बढ़ी है. वहीं 10वीं के लिए 1,53,739 छात्रों ने पंजीयन कराया है. जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 1,51,371 थी. इस बार 2,368 छात्र बढ़े हैं. इस बार विभाग में 12वीं के लिए 514 केंद्र बनाए गए हैं. गत वर्ष यह संख्या 504 थी. इसी तरह 10वीं में 683 केंद्र निर्धारित किए गए है.

दुर्गम भागों में बढ़ाये गये केंद्र

छात्रों की संख्या बढ़ने की वजह से इस बार केंद्रों की संख्या में कुछ वृद्धि की गई है. बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि दुर्गम भागों में ही केंद्र बढ़ाये गये हैं, ताकि परीक्षा के लिए अधिक दूरी के केंद्र पर जाने की जरूरत न पड़े. वहीं कुछ केंद्रों को बदला भी गया है. इस बार छात्रों की संख्या बढ़ने से 11वीं के लिए अधिक छात्र मिल सकेंगे. बोर्ड ने परीक्षा को नकल मुक्त बनाने के लिए सभी केंद्रों में सीसीटीवी अनिवार्य किये हैं. साथ ही जिन केंद्रों पर गड़बड़ी सहित नकल के ज्यादा मामले मिलेंगे, उनकी मान्यता भी रद्द करने की चेतावनी दी गई है. पर्यवेक्षकों की अदला-बदली भी जा रही है, ताकि छात्रों की नकल में मदद की गुंजाइश हो सके. इसके अलावा एक केंद्र पर एक से अधिक स्कूल के छात्रों को बैठाया जाएगा.

एक नजर में

स्वर्णकार समाज की महिलाओं द्वारा मनाया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम

पांढुरना,27 जनवरी, नगर के स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा बीते दिवस नगर के हृदय स्थल स्थित सामुदायिक भवन गूजरी में जिला स्तरीय हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर सभी महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम कर वान प्रदान किया ।यह मकर संक्रांति का त्योहार तील गुड घ्या गोड गोड बोला के साथ मनाया गया इस अवसर पर स्वर्णकार समाज की महिला मंडल एकत्रित होकर इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाया गया, इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ चढ़ाकर हिस्सा लिया ।

राज्यपाल मंगूभाई पटेल का 29 को सौसर दौरा, हेल्थ कैंप का करेंगे अवलोकन

नवभारत न्यूज सौसर 27 जनवरी - प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल आगामी 29 जनवरी को पांढुरना जिले के सौसर विकास खंड के प्रवास पर रहेंगे। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राज्यपाल महोदय सौसर जनपद की ग्राम पंचायत आमला में आयोजित होने वाले विशेष स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित होंगे।

हेल्थ कैंप और हितग्राहियों से संवाद तय कार्यक्रम के अनुसार, महामहिम राज्यपाल आमला पंचायत में सिकलसेल एनीमिया एवं एनसीडी की जांच के लिए लगाए जा रहे हेल्थ कैंप का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के उपरांत, श्री पटेल प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद भी करेंगे।

प्रशासन अलर्ट मोड पर राज्यपाल का गुरुवार सुबह करीब 11 बजे आमला पहुंचने का संभावित कार्यक्रम है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक विस्तृत आधिकारिक प्रोटोकॉल जारी नहीं किया गया है, लेकिन महामहिम के आगमन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। इसके पूर्व राज्यपाल मंगूभाई पटेल हवाई जहाज से 28 जनवरी को भोपाल से सीधे छिंदवाड़ा हवाई पट्टी पहुंचेंगे जहां से आदिवासी विकासखंड तामिया की ग्राम पंचायत भेड़ियापानी के लिए रवाना होंगे। महामहिम राज्यपाल रात्रि विश्राम तामिया में करेंगे तथा कई कार्यक्रमों शामिल होंगे।

बिरसा मुंडा प्रतिमा अनावरण में पहुंचे उमंग सिंघार

सिवनी नवभारत। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, केवलारी विधायक ठा. रजनीश सिंह, जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस नेता विशाल समरंगी गोंडवाना आदिवासी जनजागृति झण्डा दिवस एवं पुनेम कार्यक्रम भगवान बिरसा मुण्डा प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम हीरोगंगा(बैनगंगा) उद्गम स्थल मुण्डारा में उपस्थित हुये, श्री सिंघार ने कहा कि गई वर्षो से हिरोगंगा समाज के लिए आस्था का केन्द्र है समाज के रीति रिवाज के लिए आदिवासी एकत्र हुये है हमें अपनी संस्कृति और परम्परा को बचाकर रखना है।

1 लाख आदिवासी महिलाओं को मिलेगा जीवन बीमा कवच

नितिन गडकरी ने लॉन्च किया 'परिवर्तन रोडमैप 2026'

नागपुर. आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े बदलाव के उद्देश्य से लक्ष्मणराव मानकर स्मृति संस्था ने 'परिवर्तन रोडमैप 2026' की घोषणा की है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में 1 लाख आदिवासी महिलाओं के लिए जीवन बीमा योजना का ऐलान किया गया जो सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है. योजना के पहले चरण में संस्था के एकल विद्यालयों में पढ़ने वाले 33,000 छात्रों की माताओं को बीमा सुरक्षा दी जाएगी. यह किसी भी आपात स्थिति में परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करेगा.

सेवा नीति कार्ड = शिक्षकों और पर्यवेक्षकों को 'सेवा नीति कार्ड' प्रदान किए गए. इसमें 1 लाख का दुर्घटना बीमा, अस्पताल में भर्ती होने पर दैनिक नकद लाभ और दवाओं व कृषि इनपुट्स पर भारी छूट जैसे लाभ शामिल हैं.

डिजिटल हेल्थ (मेडिसर्व एप)=दुर्गम क्षेत्रों के लिए 'मेडिसर्व डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म' लॉन्च किया गया है. यह एप बिना इंटरनेट के भी काम करेगा और ग्रामीणों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड व बीमारियों के जल्द निदान में मदद करेगा.

शिक्षा और कौशल = टाटा स्टील के सहयोग से व्यावसायिक प्रशिक्षण और नागपुर में संस्था के साथ मिलकर 'आदिवासी विश्वविद्यालय' स्थापित करने की योजना पर काम शुरू हो चुका है.

आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक परिवर्तन की शुरुआत = नितिन गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि गांवों और किसानों का विकास ही 'विकसित भारत' का आधार है. उन्होंने जोर दिया कि आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. संस्था के अध्यक्ष अतुल शिरोडकर ने बताया कि यह रोडमैप स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सुरक्षा का एक एकीकृत ढांचा है.

महाराष्ट्र में पर्यटन को लगेंगे पंख, संजय गुप्ता बने 'टूरिज्म डेवलपमेंट स्टडी कमेटी' के सदस्य

नागपुर. महाराष्ट्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. राज्यपाल के आदेशानुसार 'टूरिज्म डेवलपमेंट स्टडी कमेटी' (पर्यटन विकास अध्ययन समिति) का गठन किया गया है. होटल अशोक एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय गुप्ता को इस उच्च स्तरीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है. यह समिति राज्य में पर्यटन विकास की योजनाओं का अध्ययन करने के साथ-साथ उनकी निगरानी भी करेगी.

संजय गुप्ता पिछले 12 वर्षों से विभिन्न राज्यों की पर्यटन नीतियों का गहन अध्ययन कर रहे हैं. वे महाराष्ट्र सरकार को समय-समय पर ऐसे सुझाव देते रहे हैं जिससे पर्यटन न केवल मनोरंजन का साधन बने बल्कि रोजगार सृजन का भी बड़ा माध्यम बने. उन्होंने 2016 और 2024 की पर्यटन नीतियों में 'एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट' और होटल एसोसिएशन के साथ मिलकर निवेशकों को आकर्षित करने वाले कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे.

सिंगापुर से भी बेहतर बनेगा नागपुर

गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फडणवीस ने 2014 से ही पर्यटन के क्षेत्र में हमें निरंतर सहयोग दिया है. जब भी हम सुझाव लेकर उनके पास गए, उन्होंने तुरंत संबंधित विभागों को कार्यवाही के आदेश दिए. नागपुर को सिंगापुर से भी बेहतर बनाने का उनका सपना जल्द ही धरातल पर उतरेगा.

बस-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

सिवनी नवभारत। बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बालाघाट-सिवनी मुख्य मार्ग पर जेवनारा गांव के समीप सोमवार देर शाम को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना एक तेज रफ्तार बस और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत के कारण हुई। इस घटना का मंगलवार को वीडियो भी सामने आया है।वीडियो में दिख रहा है कि एक यात्री बस बालाघाट से सिवनी की ओर जा रही थी। इसी दौरान बरघाट की दिशा से आ रही एक बाइक पर दो युवक सवार थे। जेवनारा गांव के पास पहुंचते ही बस और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल बरघाट में भर्ती कराया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मृतक की पहचान शंकरलाल पिता समरलाल इनवाती (30) निवासी बेहराई उमरवाड़ा के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम रामप्रसाद कंगाली (30) है, जो बेहराई उमरवाड़ा का ही निवासी है।

कैमरों की निगरानी में रखे गये चोटिल शावक की मौत

पेंच क्षेत्र के अरी बफर रेंज की घटना, विभाग ने किया भस्मीकरण

सिवनी नवभारत। अरी बफर रेंज, पेंच टाइगर रिज़र्व में गत 24 जनवरी को लगभग 5—6 माह आयु का एक बाघ मादा शावक कमजोर अवस्था में पाया गया। एआई कैमरा ट्रैप रिकॉर्ड अनुसार पूर्व में इसी क्षेत्र में एक बाघिन के चार शावकों के साथ देखे जाने के मद्देनज़र, मां बाघिन से रियूनियन की संभावना हेतु शावक को सुरक्षित रूप से उसी वन क्षेत्र में रहने दिया गया।

अगले दिन उक्त क्षेत्र में पुन: सर्चिंग करने पर शावक पाया गया परन्तु शावक की स्थिति को देखते हुए उसे पिंजरे में रेस्क्यू कर मीट व पानी उपलब्ध कराया गया तथा मां बाघिन से रियूनियन की संभावना हेतु उसी क्षेत्र में कैमरों की निगरानी में रखा गया। किन्तु 25 जनवरी शावक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और सुबह उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा द्वारा निमोनिया की संभावना व्यक्त की गई । इसके अतिरिक्त पिछल बाएं पैर में पुरानी चोट भी पाई गई। उक्त कारणों से संभवत: मां बाघिन द्वारा उक्त शावक को छोड़ दिए जाने की संभावना है। पोस्ट मॉर्टम पश्चात निर्धारित एनटीसीए के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए फील्ड डायरेक्टर, पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी की उपस्थिति में समस्त अंग पूर्णत: नष्ट होने तक भस्मीकरण की कार्यवाही की गई।

ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में सिवनी बॉयज बनी चैंपियन

केरला को 7-6 से हराया

सिवनी नवभारत। देवरी में आयोजित आल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट सिवनी बॉयज स्पोर्ट्स ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से केरला को पराजित कर चैंपियन का खिताब प्राप्त किया।जिसमे इस खिताबी भिंडत में 7-6 से हराकर फाइनल का सरताज बनने का गौरव प्राप्त किया । जबकि केरल में कुछ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे। सिवनी का नाम रोशन करने एवं इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष डी.एल गौर, सचिव हाजी सोहेल पाशा ने टीम के कोच आसिफ लाल के मार्गदर्शन में खिलाने वाले खिलाड़ी असद खान, वही सभी शानदार खिलाड़ी चिक्कू, वाजिद, अदीब, अनुराग, पंकज, शाकिर बाबा, मेसी, दानिश, प्रहलाद, वाहिद, सोनू, शादाब, फैसल, सुशील, गोलू पीके, आसिम, फैसल बच्चा, अमन बारी, अलमास, साहिल, अयाज़,विशाल सहित सभी खिलाड़ी,एवं समर्थकों को बधाई प्रेषित की गयी।

शुरुआती दौर में दोनों टीम बराबर का प्रदर्शन किया पर अंतिम समय मे सिवनी ने बाजी मारकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में गवाह बने मंत्री नरेंद्र शिवा पटेल सहित हज़ारो की तादाद में दर्शकगण मौजूद रहे।

छपारा की बेटी प्रांजल ने बेंगलुरु में लहराया परचम

छपारा नवभारत। नगर की होनहार प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। इसी क्रम में छपारा निवासी प्रांजल तिवारी ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। प्रांजल ने बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित रामाय्या यूनिवर्सिटी से एम.एससी. की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया है। दीक्षांत समारोह में उन्हें इस उपलब्धि के लिए डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रांजल, छपारा निवासी श्री राजनारायण तिवारी एवं श्रीमती सविता तिवारी की सुपुत्री हैं। वे वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद नारायण तिवारी की भतीजी हैं। प्रांजल की इस सफलता पर उनके परिजनों, इष्ट मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ किया विशेष भोज

सिवनी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने विद्यालय में आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर श्री वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद कर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

13 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी

नागपुर. पांचपावली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने बीच सड़क पर 13 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी की. शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पकड़ा गया आरोपी पांचपावली निवासी नौशाद अयूब कुरैशी (35) बताया गया. 25 जनवरी की रात 10 बजे के दौरान किशोरी अकेले अपने घर जा रही थी. बीच सड़क पर नौशाद ने उसका रास्ता रोका. किशोरी को अकेला देख उसने आपत्तिजनक हरकत की. पीड़िता बुरी तरह घबरा गई और किसी तरह वहां से भागती हुई घर पहुंची. मां को घटना की जानकारी दी. मां उसे तत्काल पांचपावली थाने ले गई और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने छेड़खानी और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नौशाद को गिरफ्तार कर लिया.

घोटी में बाघ की दस्तक: ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

नवभारत न्यूज

सौसर 27 जनवरी , कन्हान क्षेत्र के ग्राम घोटी में मंगलवार सुबह बाघ देखे जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 9 बजे जब किसान अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तभी शिव मंदिर के समीप उन्हें बाघ दिखाई दिया। रिहायशी इलाके और खेतों के पास बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है।

वन विभाग ने की पुष्टि

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया। मौके पर पहुंचे वनरक्षक प्रवेश तिवारी ने नवभारत से चर्चा में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जब क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्चिंग की गई, तो जमीन पर बाघ के स्पष्ट पगमार्क पाए गए हैं।

सुरक्षा के कड़े निर्देश

कन्हान रेंज ऑफिसर दीपक कुमार तिरपुड़े ने बताया कि बाघ की हलचल को देखते हुए ग्रामीणों, किसानों और विशेषकर पशुपालकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार विभाग ने एहतियात के तौर पर अमले को क्षेत्र में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए साथ ही बाघ को आबादी से दूर खदेड़ने के लिए पटाखे फोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अकेले खेत में न जाने और रात के समय सतर्क रहने की मुनादी की जा रही है।

मार्ग पर बढ़ा खतरा जिस स्थान पर बाघ देखा गया है, वह रामाकोना-संवरनी मुख्य मार्ग से सटा हुआ है। इस मार्ग पर राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की खासी आवाजाही रहती है, जिससे खतरे की आशंका और बढ़ गई है। फिलहाल वन विभाग की टीम बाघ की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

गैस एजेंसी के कार्यालय में लगाई सेंध

नागपुर. ओल्ड कामठी थाना क्षेत्र में 1 आरोपी ने गैस एजेंसी के कार्यालय में सेंध लगाकर नकद पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने छावनी परिसर में रहने वाले जयप्रकाश प्रेमनारायण तिवारी (63) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. जयप्रकाश कामठी के नेताजी चौक पर तिवारी एंड कंपनी नामक गैस एजेंसी चलाते हैं. 25 जनवरी की रात वे कार्यालय बंद करके घर गए थे. 26 जनवरी को एजेंसी बंद थी. इसी बीच 1 आरोपी ने कार्यालय का शटर एक तरफ से उठाकर भीतर प्रवेश किया. काउंटर में रखे 1.12 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए. मंगलवार को जयप्रकाश कार्यालय खोलने गए तो चोरी का पता चला. उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर सचिन उर्फ वांग्या नामक चोर कार्यालय में सेंध लगाता दिखाई दिया. पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

स्कूल भवन नहीं बनने से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

सौसर 27 जनवरी, प्राथमिक शाला भूम्मा के नन्हे छात्र पिछले छह वर्षों से एक पक्के स्कूल भवन की राह देख रहे हैं, लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से उन्हें सिर्फ कोरे आश्वासन ही मिल रहे हैं। प्रशासन की इसी बेरुखी और अनदेखी से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा गणतंत्र दिवस पर फूट पड़ा। 26 जनवरी को ग्राम सभा की बैठक के बाद, ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की।

गणतंत्र दिवस पर ग्राम सभा के बाद विरोध

ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से ग्राम में शासकीय प्राथमिक शाला भवन के निर्माण की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में जर्जर व्यवस्थाओं के बीच बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में भी जब इस मुद्दे पर कोई ठोस समाधान नहीं निकला, तो ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सीधे भुम्मा के मुख्य मार्ग पर उतर आए।

यातायात रहा बाधित, प्रशासन को दी चेतावनी

चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर हल्का यातायात बाधित रहा। सुदामा मान मोड़ें का कहना है कि पिछले 6 वर्षों से भवन निर्माण की फाइल दफ्तरों के चक्कर काट रही है। सिर्फ कागजों और आश्वासनों पर काम हो रहा है, धरातल पर ईंट तक नहीं रखी गई। श्री मानमोड़ें जब तक भवन निर्माण का लिखित आदेश और काम शुरू नहीं होता, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

प्रतियोगिता

सद्भाव ग्रुप के बैनर तले हो रही ऑक्शन प्रीमियर लीग, वेटरन वर्ग के खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

40-50 साल के खिलाड़ियों के बल्लों से हो रही चौंके छक्कों की बारिश

सिवनी नवभारत। सिवनी जिले के सबसे बड़े सद्भाव ग्रुप के बेनर तले पहली बार आक्सन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 25 जनवरी 2026 से नगर सबसे बड़े पालिटेक्निक कालेज मैदान में होने जा रहा है। जहां 13 टीम आनरों की अलग-अलग टीमों के बने दो पूल के बीच अपनी अपनी विरोधी टीमों के साथ होने मुकाबले में वेटरन वर्ग के खिलाड़ी दिखाएंगे अपना हुनर लगाएंगे कोई लगाएंगे चौंके छक्के तो कोई उखाड़ेंगे गिल्लियां।

अपने विभिन्न क्रियाकलापों के बीच लगातार चर्चा में बने रहने वाला सद्भाव ग्रुप जहां हर वर्ग के लोगों का समावेश है जिनमें कोई व्यापारी तो कोई शासकीय कर्मचारी, अधिवक्ता, पत्रकार, पुलिस तो आम नागरिक है जो समय समय पर जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वस्थ मनोरंजन के साथ पालिटेक्निक मैदान प्रतिदिन में मेल मिलाप व खेलों के प्रति सजग रहते हुए अपनी दिनचर्या को निरंतर जारी रखें हुए हैं। जो समय समय पर खेलों को बढ़ावा देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार कराते रहते हैं। इसी क्रम पहली बार आक्सन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

पालिटेक्निक मैदान में चल रही सद्भाव आक्सन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन के महामुकाबले में पहला मैच टीम करम जीएसटी 11 और महिष्मति 11 के मध्य खेला गया पहले पास जीतकर महिष्मति 11 ने क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी में उतरी टीम करम जीएसटी 11 ने निर्धारित 10 ओवरों में 119 रन बनाकर 120 रनों लक्ष्य दिया। अपने बेटिंग स्पेल में हरफनमौला खिलाड़ी नफीस खान ने एक बार फिर अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 26 गेंदों में 8 तूफानी छक्कों की मदद से 60 रन बनाकर नाट आउट रहे। अपने लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम महिष्मति 11 की पारी शुरूआत से लड़खड़ाती नजर आई और 7.2 ओवर में आल आउट होकर महज 70 रन ही बना पाई। टीम करम जीएसटी 11 की ओर से बाबू बिजली ने अपने 1.2 ओवर में मात्र 4 रन देकर 4 विकेट तो शायद खान ने 2 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट झटके। इस प्रकार करम जीएसटी 11 की टीम ने यह मैच 49 रनों से जीत लिया। इस मैच के निर्णायक ओम सराठे और संदेश जैन रहे।

मुस्तफा 11 ने 78 रनों से दर्ज की जीत

वहीं दूसरा मुकाबला मुस्तफा 11 और भैरोगंज किंग्स के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मुस्तफा 11 ने निर्धारित 10 ओवरों का मैच खेलते हुए 1 विकेट गंवाकर 109 का लक्ष्य रखा। टीम मुस्तफा 11 की ओर से आसिफ खान ने 24 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौंके और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए वहीं उनका साथ देते हुए धुआंधार बल्लेबाजी इमरान ढिल्लन ने 26 गेंदों में ताबड़तोड़ 56 रनों की पारी खेली जिसमें 7 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। 110रनों के स्कोर का पीछा करने उतरी भैरोगंज किंग्स के खिलाड़ियों पतझड़ की तरह लगातार आउट होते चले गये किसी भी खिलाड़ी ने अपने रन स्कोर में दहाई का अंक नहीं जोड़ पाए। इस प्रकार टीम 8.1 ओवर में ही 10 विकेट खोकर महज 31 रन ही बना पाई। इस तरह तीसरे दिन का यह दूसरा मुस्तफा 11 ने 78 रनों से जीत लिया। इस मैच के निर्णायक भूमिका में नीरज नाविक और संदेश जैन रहे वहीं आनलाईन स्कोरिंग में मनोज गेडाम ने सहयोग दिया जबकि कमेंट्री का प्रभार विवेकानंद गार्वे और नीरज वर्मा से संभाला। सद्भाव ग्रुप के सदस्यों ने आगामी मैचों के लिए सभी खिलाड़ियों और दर्शकों से खेलों का आनंद उठाने की अपील की है।

राज्यपाल के सौंसर आगमन को लेकर तैयारियां तेज, कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

सौंसर 27 जनवरी - प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के आगामी सौंसर प्रवास को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। राज्यपाल महोदय 29 जनवरी को सौंसर जनपद की आमला पंचायत का दौरा करेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने मंगलवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक ली।

सुरक्षा और प्रोटोकॉल पर रहा जोर बैठक के दौरान कलेक्टर वशिष्ठ ने राज्यपाल के आगमन, स्वागत कार्यक्रम, सुरक्षा प्रबंधों और यातायात प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रोटोकॉल के पालन में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर वशिष्ठ ने बैठक में यह दिए प्रमुख निर्देश

समयबद्धता- सभी विभाग अपनी सौंपी गई जिम्मेदारियों को समय सीमा के भीतर पूरा करें।?समन्वय-पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित हो ताकि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। ?जनसुविधा- कार्यक्रम के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात के वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।

बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थितकलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह दौरा आदर्श रूप में संपन्न होना चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश, एडीएम नीलमणि अग्निहोत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, जनपद सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।